भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 756

उत्तर देने की तारीख : 07.12.2023

अल्पसंख्यक समुदायों की सहायता के लिए प्रमुख कार्यक्रम

756. श्री रणजीत सिंह नाईक निंबालकर:
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
डॉ. संघमित्रा मौर्यः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अल्पसंख्यक समुदायों की सहायता के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख कार्यक्रमों और पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन पहलों ने अल्पसंख्यक समुदायों के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): सरकार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करती है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय विशेष रूप से केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह (6) अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए देश भर में विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करता है। सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों और पहलों का विवरण और जिस तरह से इन पहलों ने अल्पसंख्यक समुदायों के जीवन को प्रभावित किया है, वे इस प्रकार हैं:

(क) शैक्षणिक सशक्तीकरण योजनाएं

(i) मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना
(ii) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना
(iii) मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना

(ख) रोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण योजनाएं

i) पूर्ववर्ती सीखो और कमाओ (SAK), नई मंजिल, उस्ताद और नई रोशनी योजनाओं को अल्पसंख्यक समुदायों के लिए 'प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS)' नामक एक एकीकृत योजना में परिवर्तित कर दिया गया है।

ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (NMDFC) अल्पसंख्यकों को पुनर्वित मोड पर रियायती ऋण प्रदान करता है जो उन्हें उनके आर्थिक सशक्तीकरण और आजीविका सृजन में सहायता करता है। सरकार इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में एनएमडीएफसी को सहायता प्रदान करती है।

(ग) विशेष योजनाएं

i) जियो पारसी: भारत में पारसियों की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए एक योजना।

ii) वक्फ संपत्तियों की कमाई बढ़ाने के लिए कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना (QWBTS) और शहरी वक्फ संपत्ति विकास योजना (SWSVY)।

(घ) अवसंरचना विकास योजनाएं

प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। योजनावार विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

(ख) सभी योजनाओं ने सम्मिलित रूप से उच्च स्तरीय कौशल हासिल करने, आजीविका में अधिक अवसर, उच्च रोजगार क्षमता, बेहतर बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य और अल्पसंख्यक समुदायों के समग्र कल्याण में योगदान दिया है।

*****